an>

Title: Need to set up a Railway Division at Thawe in Gopalganj parliamentary constituency, Bihar.

श्री जनक राम (गोपालगंज)ः थावे जंक्शन रेलवे स्टेशन जो मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज (बिहार) के अंतर्गत आता है जहां पूर्व की सरकार ने थावे रेल मंडल बनाने की घोषणा की थी, शिलान्यास भी हुआ था, जमीन अधिगृहित कर ली गई थी, जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

सीवान, छपरा, मोतिहारी, बेतिया के बीचोंबीच आने वाली यह जगह मध्य भाग में मानी जाती है और ऐतिहासिक तथा भौगोलिक रूप से व थावे माई का मंदिर होने के नाते भी बहुत महत्वपूर्ण है। इन सभी जगहों से बहुत बड़ी संख्या में देश व विदेश के भिन्न-भिन्न राज्यों में रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा, धार्मिक पर्यटन व अन्य कार्यों के लिए यात्रियों का यहां से पूरे वर्ष आना-जाना हमेशा लगा रहता है जिससे रेलवे विभाग को यहां से बहुत अधिक राजस्व मिलता है।

अतः मेरा माननीय प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि थावे जंक्शन रेलवे स्टेशन को मंडल बनाने के लिए यहां शीघ्र ही संबंधित जोन के अधिकारियों को भेजकर निर्माण कार्य की रूपरेखा बनाने की कृपा करें।